हिन्दी

(301)

शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक : 20

निर्देश:

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके आगे दिए गए हैं।

(ii) उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केंद्र का नाम एवं विषय लिखिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

   (क) 'भरत का भातृप्रेम' पाठ में मानव-मूल्यों की स्थापना की गई है। सिद्ध कीजिए। (पाठ-3 देखें)

   (ख) 'मीरा ने प्रेम के मिलन और विरह दोनों पक्षों की सुंदर अभिव्यक्ति की है।' इस कथन को स्पष्ट करते हुए अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-4 देखें)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

   (क) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता में समाज के स्वरूप का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया है। क्या यह आज के समाज का यथार्थ सत्य है? अपना मत व्यक्त कीजिए। (पाठ-13 देखें)

   (ख) बिहारी ने अधिक धन होने पर मनुष्य के गलत व्यवहार को अनुचित माना है। क्या आप इससे सहमत है? तर्क सहित उत्तर दीजिए। (पाठ-11 देखें)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

   (क) 'कुटज' पाठ से 'जीने की कला' का संदेश मिलता है। क्या आप इससे सहमत हैं। तर्कसहित उत्तर दीजिए। (पाठ- देखें)

   (ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में किस पर व्यंग्य किया गया है और क्यों? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-17 देखें)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

   (क) अरुणा और चित्रा में से कौन यथार्थवादी है और कौन आदर्शवादी? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (पाठ-8 देखें)

   (ख) 'जिजीविषा की विजय' पाठ में क्या संदेश है? विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए। (पाठ-28 देखें)

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

(क) सूचना प्रौद्योगिकी से आप क्या समझते हैं? वर्तमान समय में इसके विस्तार के कौन-कौन से कारण हैं? (पाठ-34 देखें)

(ख) कंप्यूटर का ज्ञान आज कैसे अनिवार्य हो गया है? हिंदी में तकनीक के कौन-कौन से प्रयोग किए जा रहे हैं? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-38 देखें)

6. नीचे दी गई परियोजनाओं में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6

(क) आपने अनेक कवियों की रचनाएँ पढ़ीं। उन कविताओं का विश्लेषण करने के लिए किन्हीं पाँच अन्य कवियों का विवरण निम्नलिखित रूप में तैयार कर एक परियोजना बनाइए।

क्र.सं.	*कवि का परिचय*	*प्रमुख रचनाएँ*	*पढ़ी गई कविता की मुख्य विशेषताएँ*

(ख) समाचार पत्रों से दस-दस प्रमुख खबरें काटकर उन्हें निम्नलिखित प्रकारों में बाँटकर कागज पर चिपकाइए और परियोजना तैयार कीजिए।

(क) राजनीतिक (ख) राष्ट्रीय (ग) अंतरराष्ट्रीय (घ) मनोरंजन संबंधी (ङ) खेलकूद संबंधी (च) साहित्यिक।